# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 17 जून।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गलत नीतियों की चर्चा करते हुए आज पूरा देश उद्वेलित है, 8 साल पहले जब श्री मोदी प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बने थे तो उन्होंने देश के युवा, व्यापारी, किसान, महिलाओं, पिछड़ों, कर्मचारियों, अर्थशास्त्रियों से देश में अच्छे दिन लाने का वादा किया था जिसके ऐवज में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अचानक रात्रि में 8 बजे नोटबंदी की घोषणा कर देश की अर्थव्यवस्था को छिन्न-भिन्न करने का कार्य किया और देश के व्यापारी बरबाद हो गये। इसी प्रकार देश में तीन काले कृषि कानून लागू कर किसानों के हितों पर कुठाराघात करते हुए 15 माह तक सड़कों पर बैठकर संघर्ष करने हेतु किसानों को मजबूर किया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जिन्होंने दो करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष देने का वादा किया था, जिसके हिसाब से 16 करोड़ युवाओं को रोजगार मिलना चाहिये था, उन युवाओं के हितों पर कुठाराघात करते हुए सेना भर्ती की अग्निपथ योजना लागू कर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का कार्य किया है।

उक्त विचार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि देश के सैनिक भारत की सुरक्षा हेतु सर्दी, गर्मी, बरसात की परवाह किये बगैर विपरीत परिस्थितियों में सीमाओं पर तैनात रहते हैं तथा अपने जीवन की कुर्बानी देने से भी पीछे नहीं हटते हैं, ऐसे वीर युवाओं से अग्निपथ योजना के नाम पर केन्द्र सरकार द्वारा धोखा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के अधीन विभागों में 62 लाख, 29 हजार पद खाली पड़े हैं तथा सेना में 2 लाख, 55 हजार से अधिक पद खाली हैं, ऐसी परिस्थिति में 17 से 21 वर्ष के युवकों को ठेके पर अग्निपथ योजना के नाम पर सेना में लेना तथा चार वर्ष पश्चात् 25 फीसदी युवा जो मैरिट में नहीं आयेंगे उन्हें रिजेक्ट कर हटा देना युवाओं के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि चार वर्ष की सेना भर्ती के लिये भी युवाओं को दो दफा परीक्षा देनी होगी, पहले भर्ती के लिये, उसके बाद 25 प्रतिशत की भर्ती में शामिल होने के लिये सफल होना होगा जो कि आज के युवातम् भारत के उन युवाओं जिनके वोट से श्री नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं के साथ घोर अन्याय है तथा उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करना है।

2..........

Created by Universal Document Converter

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के इस निर्णय से आज पूरा देश जल रहा है, युवा सड़कों पर आन्दोलनरत है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने अग्निपथ योजना लागू करने से पूर्व देश की संसद में चर्चा नहीं की, ना ही देश के विद्वानों व जनप्रतिनिधियों के विचार जानने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार नोटबंदी के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को रसातल में पहुँचाने का कार्य किया गया, उसी प्रकार अग्निपथ योजना से युवाओं को जिन्हें पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री राजीव गाँधी ने अपने भविष्य को तय करने के लिय मतदान का अधिकार प्रदान किया था, के भविष्य के साथ खिलवाड़ मोदी सरकार कर रही है।

श्री डोटासरा ने कहा कि मोदी सरकार देश के युवाओं, किसानों, महिलाओं, व्यापारियों, पिछड़ों से किये गये अपने वादों को पूरा करने की बजाए विपक्षी नेताओं को ईडी के नोटिस देने में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री राजीव गाँधी ने देश की एकता व अखण्डता को अक्षुण रखने के लिये अपना जीवन कुर्बान कर दिया, आज उन्हीं के पुत्र को केन्द्र सरकार द्वारा ईडी का नोटिस दिया जाकर देश के गंभीर मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस सेना के शौर्य के पीछे छिपकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी पुनः सत्ता में आये, आज ठेके पर सैनिक लगाकर उसी सेना को कमजोर करने का कार्य प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि देश में अच्छे दिन आने की बजाए आक्रोश का माहौल बन गया है, देश में रेल जल रही हैं, सड़कों पर हिंसक झड़प हो रही है, किन्तु केन्द्र सरकार देशहित में सोचने की बजाए विपक्षी नेताओं को प्रताड़ित करने में व्यस्त है। उन्होंने देश एवं राजस्थान के युवाओं से शांति बनाये रखने की अपील करते हुए कहा कि इस कठिन परिस्थिति में कांग्रेस पार्टी युवाओं के साथ खड़ी है तथा युवाओं को न्याय दिलाने के लिये हर संघर्ष में उनके साथ है।

**उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा आज विपक्षी नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दफ्तर में कांग्रेस नेताओं को ही प्रवेश करने से रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत दिल्ली में केन्द्र सरकार की दमनकारी नीति के विरूद्ध मोर्चा खोले हुए हैं, उन्हें प्रताड़ित करने के लिये आज सीबीआई ने उनके भाई के घर छापा डाल दिया। उन्होंने कहा कि देश में घोषित किये बिना ही आपातकाल लागू है, किसी को**

**3..........**

Created by Universal Document Converter

**भी जेल में डाला जा सकता है। उन्होंने कहा कि सीबीआई द्वारा मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत के भाई के खिलाफ की गई कार्यवाही संवैधानिक संस्थाओं के दुरूपयोग का ही एक उदाहरण है।**

उन्होंने कहा कि देश में ऐसा माहौल बन गया है कि जो युवाओं, रोजगार, मंहगाई, किसान और विकास की बात करेगा उसका दमन करने के लिये मोदी सरकार किसी भी सीमा तक जा सकती है। उन्होंने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी ने देश में तानाशाही सरकार की नींव रख दी है तथा भविष्य में लोकतांत्रिक परम्परा के अनुसार चुनाव भी होंगे या नहीं, इसी भय के साथ देशवासी जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा लिये गये संकल्प के अनुसरण में कांग्रेस के सभी नेता एवं कार्यकर्ता केन्द्र की तानाशाह सरकार के विरूद्ध लड़ेंगे तथा युवाओं को न्याय दिलायेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता सीने पर गोली खा सकते हैं किन्तु पीठ दिखाकर पीछे नहीं हटेंगे, क्योंकि हमारी विचारधारा महात्मा गाँधी की है, गोडसे की नहीं।

श्री डोटासरा ने केन्द्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि युवाओं के हितों से खिलवाड़ करने वाली अग्निपथ योजना को तत्काल वापस लिया जाये। उन्होंने मांग की कि धर्म और सम्प्रदाय के नाम पर ध्रुवीकरण की राजनीति तुरंत बंद होनी चाहिये तथा कांग्रेस नेताओं को प्रताड़ित करने का जो कार्य केन्द्र सरकार कर रही है उस पर तुरंत विराम लगे। उन्होंने कहा कि आज देश में भय का माहौल है, युवा, किसान, व्यापारी संवैधानिक संस्थाओं तथा सरकारी एजेंसियों के दुरूपयोग से डरे हुए हैं, यह माहौल देश के लिये घातक है। उन्होंने कहा कि देश जल रहा है किन्तु श्री नरेन्द्र मोदी एवं गृहमंत्री श्री अमित शाह सीबीआई, ईडी के छापे डलवाकर मस्त हैं। उन्होंने कहा कि देश में जिस प्रकार आक्रोश फैल रहा है उसे सम्भालना मोदी सरकार के लिये सम्भव नहीं होगा।

प्रेसवार्ता में राजस्थान सरकार के मंत्री श्री प्रतापसिंह खाचरियावास, डॉ. महेश जोशी, श्री परसादीलाल मीणा, श्री बृजेन्द्र सिंह ओला ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**

प्रवक्ता

मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter